हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 फरवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 मजिस्ट्रेट चेकिंग में 70 वाहन चालकों से वसूले ...



08 डीजे की धुन पर प्रशासन मौन, हाई बेस और...



## खबर संक्षेप

### रंगई हनुमान मंदिर चोरी मामले में ज्ञापन आज

**विदिशा।** जिले के आस्था केंद्र दादाजी श्री हनुमान मंदिर रंगई में लगभग 3 माह पूर्व हुई चोरी का अब तक खुलासा न होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। शनिवार और मंगलवार को भारी भीड़ रहती है। बावजूद इसके मंदिर में हुई चोरी का सुराग नहीं लग सका है। इस संबंध में आज सुबह 11 बजे पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है।

### एनआईसी में आज 5 विभागों की समीक्षा

**विदिशा।** आज एनआईसी के व्हीसी कक्षों में 5 विभागों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। सुबह 10:30 से 12:00 बजे तक वित्त (कोषालय) विभाग की बैठक महेंद्र-1 स्टूडियो में आयोजित होगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की वीसी 11 से 2 बजे तक अशोका-2 स्टूडियो में होगी। दोपहर 2 बजे से चिकित्सा शिक्षा विभाग (अशोका-2) तथा सामाजिक न्याय विभाग (महेंद्र-1) की समीक्षा होगी। अंत में श्रम विभाग की वीसी शाम 4:30 से 6 बजे तक महेंद्र-1 स्टूडियो में आयोजित की जाएगी।

### 27 को होगी भारतीय किसान संघ की बैठक

**नटेरन।** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई के बैनर तले 27 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 1 बजे मेला ग्राउंड पर बैठक होगी। जिसमें आगामी आंदोलनों और क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि गेहूं खरीदी पर 2700 प्रति क्विंटल का वादा पूरा नहीं होने और बोनस नहीं दिए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसानों से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### किसानों को ट्रैक्टर, बुलेट और ई-स्कूटर जीतने का मौका

**विदिशा।** वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए मप्र शासन द्वारा किसानों के लिए राज्य स्तरीय ईनामी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। संस्कृति विभाग, वीर भारत न्यास और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ट्रैक्टर, द्वितीय बुलेट मोटरसाइकिल और तृतीय ई-स्कूटर दिया जाएगा। किसान 15 मार्च तक [www.veerbharatnyas.com](http://www.veerbharatnyas.com) पर पंजीयन कर 24 प्रश्नों की ऑनलाइन क्विज में भाग ले सकते हैं। विजेताओं का चयन लॉटरी से होगा।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने किया जेल का निरीक्षण

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख सलीम ने जिला जेल का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके और प्राधिकरण के सचिव जितेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। निरीक्षण में मुलाकात कक्ष, रसोई घर व बैरक कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया गया। कुछ बंदियों के पास अधिवक्ता न होने पर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। रसोई की गुणवत्ता जांची गई तथा यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बंदी 18 वर्ष से कम आयु का न हो।

### तीन मार्च को होगी दिशा समिति की बैठक

**विदिशा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 3 मार्च को होगी। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने संबंधित विभागों को योजनाओं की जानकारी दो दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियां एवं लंबित कार्यों का स्पष्ट व तथ्यात्मक विवरण मांगा गया है।


---

### मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना का बस ऑपरेटरों ने किया विरोध, ज्ञापन सौंपा

# दो मार्च तक मांगों पर निर्णय नहीं लिया तो जिलेभर में थम जाएंगे सैकड़ों बसों के पहिए

***सरकार द्वारा शुरू की जा रही 'मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना' का बस संचालकों ने विरोध शुरू कर दिया है। बस संचालकों ने 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित नीति और 29 जनवरी को किए गए संशोधन को वापस लेने की मांग की है। उनकी मुख्य मांग है कि वर्तमान परिवहन व्यवस्था को यथावत रखा जाए।***

- नई व्यवस्था में मौजूदा परमिट रद्द कर दिए जाएंगे।



**विदिशा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर शहर के बस ऑपरेटरों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले के निजी बस संचालकों ने प्रदेश में लागू की जा रही नई परिवहन नीति 'मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना' का विरोध किया है। बस ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 2 मार्च तक उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर की करीब 6 हजार बसें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी। बस संचालकों का आरोप है कि सरकार नई नीति के तहत निजी ऑपरेटरों की बसों को एक कंपनी या समिति के नियंत्रण में चलाने की तैयारी कर रही है, जबकि बसें खरीदी नहीं जाएंगी। अप्रैल 2026 से प्रस्तावित इस नीति के अनुसार बसें निजी स्वामित्व में रहेंगी, लेकिन उनका संचालन और नियंत्रण सरकार या उससे संबद्ध कंपनी के पास होगा। ऑपरेटरों का कहना है कि इससे उनका स्वतंत्र व्यवसाय समाप्त हो जाएगा और वे मालिक से किराएदार बनकर रह जाएंगे। बस संचालक कैलाश नागर ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा परमिट रद्द कर दिए जाएंगे। बसों को एक समिति के अधीन चलाया जाएगा, जहां प्रति किलोमीटर के हिसाब से भुगतान या किराया मिलेगा। बसों का रखरखाव भी कंपनी के वर्कशॉप में कराना अनिवार्य होगा, जिसे ऑपरेटर महंगा मानते हैं। कैलाश नागर ने यह भी दावा किया कि नई नीति में टैक्स में डेढ़ गुना तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

#### किराया बढ़ सकता है

बस ऑपरेटरों ने बताया कि यात्रियों के लिए किराया सवा रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़कर 1.75 रुपए प्रति किलोमीटर तक हो सकता है, जिससे आम जनता के लिए यात्रा महंगी हो जाएगी। बस संचालकों ने 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित नीति और 29 जनवरी को किए गए संशोधन को वापस लेने की मांग की है। उनकी मुख्य मांग है कि वर्तमान परिवहन व्यवस्था को यथावत रखा जाए। ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 2 मार्च से प्रदेशव्यापी चक्का जाम किया जाएगा, जिससे आम जनता को भी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

---

# शिकार करते चार आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

### भेड़की के वन्य प्राणी के अवशेष सहित एक बंदूक और मोटरसाइकिल बरामद की गई




**शमशाबाद।** आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

जंगल में शिकार कर रहे चार आरोपियों को पुलिस ने हथियार सहित दबोच लिया। आरोपियों के पास से हिरण प्रजाति (भेड़की) के वन्य प्राणी के अवशेष, एक बंदूक, बाइक बरामद की गई है।

घटना ग्राम रतवा बरुआखार के बीच जंगल में तड़के करीब 4 बजे की है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम ग्राम रतवा के जंगल क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान जंगल में तीन-चार लोग संदिग्ध अवस्था में नजर आए। पुलिस ने घेराबंदी कर पूछताछ की तो वे अवैध शिकार करते पाए गए। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से वन्य प्राणी के अवशेष और हथियार बरामद हुए। पुलिस ने मौके से उनकी मोटरसाइकिल जब्त कर ली।

नगर निरीक्षक राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि चारों आरोपियों लखन मोंगिया बरखेड़ा जागीर, अब्दुल खा बरुआखार, विमलेश रमपुरा, हरनाम सिंह राजपूत रतवा के खिलाफ पशु अधिनियम विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की जांच जारी है।

---

### बारात में उपद्रव कर जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** शमशाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 2 मई 2025 को ग्राम लखार में एक बारात के दौरान शराब के नशे में कुछ लोगों ने उपद्रव किया था। विरोध करने पर फरियादी व उसके दादा के साथ डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर घायल विशाल कुशवाह की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 109 जोड़ी गई। पुलिस ने नारायण कुशवाह, देवेन्द्र व राजू कुशबाह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

---

# होली, रंगपंचमी और रमजान को लेकर पुलिस अलर्ट

### मासिक बैठक में एसपी ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से विशेष कानून व्यवस्था बनाए रखने पर फोकस किया है। जले में हर हाल में सांम्प्रदायिक सौहार्द बना रहे इसको लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की विशेष तैनाती करने की व्यवस्था की गई है। होली, रंग पंचमी एवं रमजान को लेकर पुलिस पूरे जिले में अलर्ट मोड में है।

आगामी होली, रंग पंचमी एवं रमजान को दृष्टिगत रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पुलिस बल की तैनाती, फ्लैग मार्च, पेट्रोलिंग और शांति समिति बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए गए।




साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने तथा निगरानीशुदा एवं आदतन अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अपराध संभावित एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अधिकाधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों के सहयोग से सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी तंत्र मजबूत किया जाएगा। न्यायालयीन समंस एवं वारंट की तामीली हेतु विशेष अभियान चलाने, लंबित मर्ग व चालानों का शीघ्र निराकरण करने तथा जिला बदर प्रकरणों में नोटिस तामील की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण, डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों से संबंधित शिकायतों पर सख्त कार्रवाई तथा संपत्ति संबंधी अपराधों में तकनीकी विश्लेषण के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि विदिशा पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर पीड़ितों को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।.

---

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के लिए लगा शिविर

# आरटीओ ने सुनी शिकायतें सात का मौके पर समाधान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

परिवहन कार्यालय में मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण तथा जनसुनवाई शिविर लगाया गया। शिविर में परिवहन विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायतकर्ताओं को कार्यालय में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने 3 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया। वहीं 23 फरवरी को 4 अन्य शिकायतों का भी समाधान किया किया था। जनसुनवाई में उपस्थित नागरिकों से परिवहन सेवाओं में आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया।

---

# अफवाहों व सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर रखी जाएगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार शाम 4 बजे थाना नटेरन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नायब तहसीलदार पीयूष जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, नगर रक्षा समिति के जिला संयोजक वीरेंद्र



धाकड़, गणमान्य नागरिक एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचने की अपील की। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने जुलूस, आयोजनों और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग संबंधी शासन के नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक का समापन शांति और आपसी सहयोग के संकल्प के साथ हुआ।

---

### 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 में एलएनसीटी भोपाल की टीम फाइनल में

# पहले सेमीफाइनल में ओरियंटल कॉलेज 16 रन से हारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के पहले सेमीफाइनल में एलएनसीटी कॉलेज भोपाल ने ओरियंटल कॉलेज भोपाल को 16 रन से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएनसीटी ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 188 रन बनाए। अभिनीत गौर ने 45 गेंदों में 62 रन (5 चौके, 4 छक्के) की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान ललित वर्मा ने 22 गेंदों पर 36 रन (5 चौके, 1 छक्का) का योगदान दिया। ओरियंटल के प्रशांत बोपचे ने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओरियंटल कॉलेज 20 ओवर में 172 रन ही बना सका। प्रियांषु आचार्य ने नाबाद 58 और प्रषांत बोपचे ने नाबाद 38 रन बनाए। एलएनसीटी के योगेश पालीवाल ने 4 ओवर में 29 रन देकर 1 विकेट लिया। सिविल विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव जैन ने अभिनीत गौर को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया। आज दूसरा सेमीफाइनल तथा 26 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा।



---

### शिक्षक कॉलोनी में प्रेरणा-मंच की विचार गोष्ठी की गई आयोजित

# युवा वर्ग को सकारात्मक सोच से जुड़ने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

युवा वर्ग को नया आयाम देने तथा सृजनधर्मिता से जुड़े रहने की प्रेरणा के उद्देश्य से प्रेरणा-मंच की विचार गोष्ठी शिक्षक कॉलोनी स्थित कुसुम सिंह तोमर के निवास पर आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती के आव्हान एवं पूजन के साथ हुआ। गोष्ठी में मंच की अध्यक्ष डॉ. कमल चतुर्वेदी ने मंच के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनेक प्रतिभाएं घर-परिवार तक सीमित रह जाती हैं। मंच का प्रयास ऐसे व्यक्तित्वों को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करना है, जिनके मन में साहित्य तो है पर मंच नहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अवसाद, तनाव और निराशा के वातावरण में भी व्यक्ति को सकारात्मक, आशावादी और सक्रिय रहना चाहिए। संस्कारहीनता मनुष्य को पतन की ओर ले जाती है, इसलिए अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहना आवश्यक है।

डॉ. चतुर्वेदी ने अपनी नई कविता 'संभावना' के माध्यम से संदेश दिया कि हर व्यक्ति के भीतर अनंत आकाश जैसी संभावनाएं छिपी होती हैं। सफलता की संभावना सदैव बनी रहती है, इसलिए निरंतर प्रयास



आवश्यक है। उन्होंने जीवन और लेखन की प्रक्रिया को समान बताते हुए कहा कि जैसा जीवन होगा, वैसा ही लेखन होगा। इस अवसर पर कुसुम सिंह तोमर ने 'विश्वास की शक्ति' रचना के माध्यम से आत्मविश्वास की महत्ता बताई। माया सिंह ने संस्कारों से जुड़े रहने का संदेश दिया। युवा प्रतिभाओं अनुष्का रघुवंशी, अंकितासिंह तोमर, पूजा गुर्जर, वंदना रघुवंशी, जाहन्वी लोधी, भाषा रघुवंशी, तुलसी रघुवंशी, पुरषोत्तसिंह तोमर, नृपेंद्र सिंह तोमर ने भी अपने विचार रखे।

---

# कलेक्टर ने किया शिशु गृह का निरीक्षण, चार बच्चे मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में संचालित यशोदा एडॉप्शन सेंटर (शिशु गृह) का कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा, संतोष रघुवंशी एवं संस्था प्रबंधक शुभम गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान शिशु गृह में वर्तमान में 4 बच्चे निवासरत पाए गए। कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी दिनचर्या, खान-पान और सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि उन्हें नाश्ते में खिचड़ी, दूध और टोस्ट दिया गया। कलेक्टर ने बच्चों



को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को बनाए रखने तथा समय-समय पर इसकी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजना सुनिश्चित किया जाए और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण तथा मानसिक एवं सामाजिक विकास पर ध्यान दिया जाए।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5621
सरसों
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-6360
चना
न्यूनतम भाव-3680
उच्चतम भाव-5254
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6900
ज्वार
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5500
मक्का
न्यूनतम भाव-1362
उच्चतम भाव-1615
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3465
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4444
मटर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4400
गेहूं
न्यूनतम भाव -2000
उच्चतम भाव- 2968
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6621
धनिया
न्यूनतम भाव-6990
उच्चतम भाव-7710
तुअर
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7000
बटरी
न्यूनतम भाव-1905
उच्चतम भाव-4285

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 8943 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## न्यायाधीशों की मौजूदगी में हुई चेकिंग, वाहन चालकों में मचा हडकंप

# मजिस्ट्रेट चेकिंग में 70 वाहन चालकों से वसूले 1 लाख 10 हजार रुपए







हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

मंगलवार को न्यायाधीशों की मौजूदगी में यातायात पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन रोड पर मजिस्ट्रेट जांच अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों की सघन जांच करते हुए मौके पर ही चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। इस दौरान करीब 70 वाहन चालकों से 1 लाख 10 हजार रूपए की वसूली की गई। उधर इस कार्रवाई की भनक लगते ही वाहन चालकों में हडकंप मच गया और कई वाहन चालक अपने वाहनों को गलियों और अन्य रास्तों से लेकर निकलते रहे।

उल्लेखनीय है कि नगर में यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे से न्यायिक मजिस्ट्रेट अब्दुल अजहर अंसारी एवं न्यायाधीश आफरीन यूसुफजई की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें रेलवे स्टेशन रोड पर विश्राम गृह के सामने यातायात पुलिस ने वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच शुरू की। कमी पाए जाने पर न्यायाधीशों के समक्ष वाहन चालकों को प्रस्तुत कर मौके पर ही जुर्माने की कार्रवाई कर राशि वसूली गई। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी बैठे वाहनों को रोककर जांच की गई।

इस जांच अभियान में लगभग 70 वाहनों पर 110000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 25 वाहनों को रेस्ट हाउस परिसर में खड़ा करवाया गया। चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और अन्य जरूरी दस्तावेज मांगे गए। जिनके कागजात पूरे मिले, उन्हें जाने दिया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर कार्रवाई की गई। लंबे समय बाद मजिस्ट्रेट जांच होने से वाहन चालकों मे हडकंप मच गया था। इस दौरान कई ऑटो, कार चालक, दो पहिया वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए अपने वाहनों को अन्य रास्तों और गलियों में से होकर निकलते रहे।

## पागल कुत्तों के काटने और पागल सांड के हमले से त्योंदावासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ त्योंदा

त्योंदा में सांड एवं पागल कुत्तों से ग्रामवासी खासे परेशान हैं। प्रतिदिन व्यक्तियों को पागल कुत्ता काट रहा है। वहीं पागल सांड ने पांच लोगों पर हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे विदिशा रेफर किया गया। पागल कुत्तों और पागल सांड की वजह से ग्रामीणों एवं बच्चों में भय व्याप्त है। आए गए दिन पागल कुत्ते लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। पागल सांड या पागल कुत्ता न हमला कर दे इस डर से लोग अपने बच्चों के हाथों में डंडा लेकर सामान खरीदने के लिए भेज रहे हैं।

## भारतीय सैन सेना ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

मंगलवार को भारतीय सैन सेना ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बीकानेर राजस्थान में हुई घटना के आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 21 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र कोलायत रंजीतपुरा गांव में कक्षा 8 की नाबालिग छात्रा के साथ दरिंदों द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद हत्या कर दी गई। उक्त घटना में आज दिनांक तक कोई आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिससे सेन समाज में भारी रोष व्याप्त है। सेन समाज ने शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हे फांसी की सजा देने की मांग प्रशासन से की है।

ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सेन समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में बालमुकुंद सेन, कैलाश सेन, सेवकराम सेन, रामबाबू, गोरेलाल सेन, हरिशंकर सैन, मुकेश सेन, रानू सेन सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सीसी सड़क के लिए रास्ते की सफाई



**गंजबासौदा।** त्योंदा रोड पर जय स्तंभ चौक से पुराने बस स्टैंड पर मिनी स्मार्ट सिटी के तहत विभिन्न निर्माण किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत मंगलवार को पुराने अभिभाषक कक्ष के बगल से सीसी सड़क के लिए रास्ते की साफ सफाई जेसीबी मशीन की सहायता से की गई। साफ, सफाई के बाद सीसीकरण का कार्य शुरु हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है एवं दुकानदारों, राहगीरों की समस्याओं को सुना जा रहा है।

## नगर पालिका स्वच्छता अमले ने 10 लोगों पर की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से "नो थू-थू अभियान" संचालित किया गया। अभियान के तहत नगर के विभिन्न प्रमुख चौक चौराहों पर जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं तथा सार्वजनिक स्थानों पर थूकने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही आमजन को समझाइश दी गई कि सार्वजनिक स्थलों पर थूकना न केवल गंदगी फैलाता है, बल्कि यह कई संक्रामक बीमारियों के प्रसार का कारण भी बनता है।

जन-जागरूकता के अंतर्गत नागरिकों को स्पिट बॉक्स थूकदान वितरित किए गए, ताकि वे इन्हें अपनी जेब या बैग में रखकर उपयोग कर सकें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें। अभियान में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर के नेमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से टीबी, फ्लू, वायरल संक्रमण एवं अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। थूक के माध्यम से बैक्टीरिया और वायरस हवा एवं धूल के जरिए अन्य लोगों तक पहुंच सकते हैं, जिससे समुदाय का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें और शहर को बीमारी मुक्त बनाने में सहभागिता निभाएं। साथ ही आईईसी गतिविधि के अंतर्गत सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी रही। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंकिंग हेतु सहयोग करें और सार्वजनिक स्थानों पर थूकने जैसी अस्वच्छ आदतों को त्यागें।

## एनटीएफ के तहत कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** मंगलवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल (NTF)- मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण अंतर्गत चतुर्थ सप्ताह की निर्धारित गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक शिव कुमारी रघुवंशी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ अपेक्षा बाजपेई रही। मुख्य वक्ता रुपाली श्रीवास्तव द्वारा ऑनलाइन माध्यम से गूगल मीट द्वारा छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम के उपायों पर विशेष व्याख्यान दिया गया। उन्होंने चेतावनी संकेतों की पहचान पर कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमे छात्राओं को मानसिक हताशा और तनाव के शुरुआती लक्षणों को पहचानने और समय पर मदद लेने हेतु प्रशिक्षित किया गया। जीवन कौशल एवं आशा निर्माण सत्र में विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और जीवन की चुनौतियों का सामना करने हेतु जीवन कौशल पर आधारित सत्र आयोजित किया। आयोजित समस्त गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं छात्राओं से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए ताकि भविष्य के कार्यक्रमों को और बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम में आभार व्यक्त सीवली अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## शिविर में 129 नेत्र रोगियों की जांच की



**गंजबासौदा।** मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय श्रीनारायण राव पिंगले एवं स्वर्गीय नितिन पौराणिक मोनू की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस क़े रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. राजकरण वर्मा ने मरीजों को नेत्र की सुरक्षा क़े बारे में जानकारी दी गई। 129 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच कर नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 23 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 35 चश्मों का वितरण किया गया। 39 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं, 32 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए और मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, हेमंत भंडारी सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## विज्ञान मंथन यात्रा में नवांकुर, डॉल्फिन व तपोवन के 28 विद्यार्थी हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा के लिए नवांकुर, डॉल्फिन और तपोवन हाई स्कूल के 28 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। जबकि संपूर्ण विदिशा जिले से कुल 48 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। यह यात्रा 20 से 27 अप्रैल के मध्य होना प्रस्तावित है। इस यात्रा में कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है।

इस यात्रा के लिए विद्यार्थियों का वैज्ञानिक महत्व के स्थलों बेंगलुरु, चेन्नई और श्रीहरिकोटा की यात्रा पर जाना प्रस्तावित है। चयनित विद्यार्थियों में तपोवन हाई स्कूल से मोक्षा विश्वकर्मा कक्षा 10,डॉल्फिन स्कूल से भास्कर साहू, भाविका राठौर, मनन सुमन, नंदिनी रघुवंशी, स्वाति शर्मा, तनुश्री, उदिति दुबे व यथार्थ साहू आठों विद्यार्थी कक्षा 10 सम्मिलित हैं। नवांकुर विद्यापीठ से कक्षा 10 की छात्रा सुहानी भदौरिया और पूर्वी बघेल, कक्षा 11 से आशिका दांगी, कनक दुबे, खुशी जैन, मनीषा मीणा, निमिषा तिवारी, शिवा रघुवंशी, श्री शर्मा, उमाकांत तिवारी, सत्यम शर्मा तथा कक्षा 12 से अमृता यादव, भूमि सोनी, छवि लोधी, प्राची शर्मा, प्रशंसा सुमन, संजय विश्वकर्मा, सिमरन दांगी और विवेक दांगी के नाम शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य छात्र छात्राओं में विज्ञान विषय की रुचि जागृत करना और ज्ञान विकसित करना है। इसके लिए छात्र-छात्राओं को देश के वैज्ञानिक महत्व के नगरों का भ्रमण कर देश की प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन करवाया जाता है तथा देश के वरिष्ठ वैज्ञानिकों से मिलवाया जाता है। इस यात्रा के लिए नवांकुर विद्यापीठ की रसायन शास्त्र की व्याख्याता संध्या राजपूत का चयन भी किया गया है। इस अवसर पर नवांकुर, डॉल्फिन व तपोवन हाई स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चित्रकूट की धरती पर हो रहा श्री भरत कथा का आयोजन

# भक्ति व्यक्ति को नहीं, वंश को तारती है: महाराज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

चित्रकूट की पावन धरती पर भरत चरित्र के प्रसंग ने यह सिखाया कि प्रेम में विवेक जुड़ जाए तो भ्रम टूटता है और बैर की जगह भक्ति जन्म लेती है। भक्ति से वंश का उद्धार होता है और बैर से वंश का नाश। प्रह्लाद की भक्ति ने दैत्य कुल में भी धर्म का दीप जलाया, जबकि भरत की भक्ति ने राजवंश को मर्यादा के पथ पर स्थिर किया। दोनों प्रसंग यह सिखाते हैं कि एक सच्चा भक्त अपने कुल की दिशा बदल देता है वह केवल स्वयं नहीं तरता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करता है। भक्ति जहां गहरी होती है, वहां हर दृश्य का अर्थ बदल जाता है। चतुरंगी सेना के साथ आते भरत को देखकर उपजा निषाद राज और लक्ष्मण के मन में जागा संदेह, चरणों में झुकते ही समर्पण में बदल गया और राम-प्रेम की सच्चाई उजागर हो गई। चित्रकूट में स्वयंपाकी परमहंस महाराज के आश्रम में भगवान सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय महायज्ञ के उपलक्ष्य में सनकादिक आश्रम में आयोजित हो रही नवदिवसीय भरत चरित्र की कथा में नौलखी खालसा के महंत राम मनोहर दास महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को मार्मिक संदेश दिया। चित्रकूट की पावन धरती पर चल रही भरत चरित्र कथा के छठवे दिवस के क्रम में भक्ति की वह महिमा उजागर हुई, जो व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वंश और पीढ़ियों तक प्रकाश फैलाती है।

कथा व्यास महाराज ने कहा कि सच्ची भक्ति एक दीपक की तरह होती है जो जलता है तो केवल स्वयं नहीं, आसपास की पीढ़ियों को भी उजास देता है। भक्त प्रह्लाद की भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान नरसिंह प्रकट होकर जब प्रह्लाद से वर मांगने को कहते हैं, तब प्रह्लाद अपने लिए कुछ नहीं मांगते। भगवान स्वयं कहते हैं कि तुम जैसे भक्त जिस कुल में जन्म लेते हैं, उस कुल का उद्धार हो जाता है। व्यास पीठ से यह भाव दिया गया कि भक्त की साधना उसके वंश के संस्कारों को पवित्र करती है, भक्ति केवल निजी पुण्य नहीं, पीढ़ियों के लिए संचित पुण्य संग्रह करती है। व्यास पीठ से यह भी कहा गया कि जहां भक्ति होती है, वहां वंश केवल बढ़ता नहीं संवरता है। प्रह्लाद की भक्ति ने दैत्य कुल को भी पावन किया और भरत की भक्ति ने राजवंश को धर्ममार्ग पर स्थिर किया। दोनों प्रसंग यह सिखाते हैं कि एक सच्चा भक्त पूरे कुल की दिशा बदल देता है। इसी भाव को भरत चरित्र से जोड़ते हुए महाराज ने कहा कि भरत जी का त्याग रघुवंश की मर्यादा का विस्तार है। भरत ने राजसिंहासन का आकर्षण छोड़कर प्रभु की आज्ञा और लोकमर्यादा को चुना। उनका चौदह वर्षों का वियोग आत्मपीड़ा नहीं, प्रभु-प्रसन्नता के लिए स्वीकार किया गया तप था। इस त्याग ने रघुवंश की परंपरा को और उज्ज्वल किया यही कारण है कि भरत का नाम आज भी आदर्श के रूप में लिया जाता है।

## मच्छर मार दवा के छिड़काव की मांग

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर के पाराशरी नदी किनारे की निचली बस्तियों में मच्छरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगरपालिका से मच्छर मार दवा का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

## बिना रजिस्ट्रेशन एमएसपी पर नहीं की जाएगी खरीदी

**गंजबासौदा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना और मसूर की फसल को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए 20 फरवरी से पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो रही है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देश पर 16 मार्च तक पंजीयन कराया जा सकेगा। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि बिना पंजीयन कोई भी किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच सकेगा। पंजीयन केवल ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से मान्य होगा। किसान स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा लोक सेवा केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर तथा निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। पंजीयन के लिए आधार, बैंक खाता, खसरा-खतौनी तथा मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेंगे।

## मंगल कलश लेकर घट यात्रा में शामिल हुईं महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

पंच कल्याणक महोत्सव के प्रथम दिन स्थानीय श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शांतिनगर त्योंदा रोड से घट यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल अयोध्या नगरी पहुंची। घट यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए, तो वहीं नगर के प्रमुख सेवादल घट यात्रा के सबसे आगे अपने दिव्य घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। वहीं शांतिनाथ जिनालय में प्रतिष्ठित होने वाले सभी जिन प्रतिमाओं को श्रद्धालु अपने मस्तक पर विराजमान कर घट यात्रा में शामिल हुए।

घट यात्रा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावी शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि विमल सागर एवं मुनि अनंत सागर महाराज का सानिध्य रहा। आयोजन स्थल अयोध्या नगरी में कार्यक्रम का कुशल निर्देशन ब्रह्मचारी विनय भैय्या का रहा, जिनके मार्गदर्शन में पंडाल शुद्धि एवं वेदी शुद्धि मंत्रोच्चार द्वारा की गई। वहीं शुद्ध वस्त्रों को धारण कर इंद्रो ने भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सुअवसर प्राप्त किया। अभिषेक क्रियाविधि के उपरान्त मुनि श्री का आशीर्वचन सुनने का अवसर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### 150 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 150 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 फरवरी बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी, यूरिक एसिड ,बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### सीएम डॉ मोहन यादव आएंगे गढाकोटा रहस लोकोत्सव में

**सागर।** पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव द्वारा आयोजित गढाकोटा रहस लोकोत्सव मेला में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव 26 फरवरी गुरुवार को दोपहरः 12 बजे गढ़ाकोटा रहस लोकोत्सव में ₹बुंदेलखंड स्तरीय किसान सम्मेलन, शहरी- ग्रामीण आजीविका समूहों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**सागर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, सिरौंजा सागर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। मूल निवासी तथा वर्ग का सदस्य होना चाहिए।

**मार्शल आर्ट सम्पूर्ण सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है जिसमें सौंदर्य और आत्मबल का संदेश है**

# राष्ट्रीय नाट्य समारोह में कलाकारों ने दी बुंदेल खंड की मार्शल आर्ट परम्परा की सजीव प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में उत्तर-मध्यक्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी से 24 फरवरी को पाँच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय आयोजन की परिकल्पना सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा द्वारा की गई है जिसे विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद् के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है । समारोह के पांचवे और अंतिम दिन के प्रथम सत्र में आयोजित विशेष कार्यशाला में पद्मश्री भगवान दास रैकवार की मार्शल आर्ट की टीम उनके सुपुत्र राजकुमार रैकवार के साथ उपस्थित हुई। कार्यशाला का आरंभ होते ही पूरा वातावरण बदल गया। बुंदेली मार्शल आर्ट के पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों की झंकार और कलाकारों की भाव-भंगिमाओं ने उपस्थित विद्यार्थियों और दर्शकों को एक अलग ही युग में पहुँचा दिया। टीम की प्रस्तुति ने यह सिद्ध किया कि यह केवल युद्ध कला नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है जिसमें लय है, ताल है, सौंदर्य है और आत्मबल का संदेश है।



रैकवार ने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद करते हुए बताया कि यह बुंदेलखंड के अखाड़ों की मार्शल आर्ट विधा है, जो इस अंचल के लोगों की आत्मरक्षा और आत्म निर्भरता का माध्यम रही है। उन्होंने कहा कि इस कला में सिर्फ शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का भाव भी समाहित है। उन्होंने इस मार्शल आर्ट में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों लाठी, भाला, तलवार, ढाल, फरसा आदि के उपयोग की बारीकियाँ विस्तारपूर्वक समझाईं। साथ ही उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि किस प्रकार इन अस्त्रों का उपयोग सांकेतिक शैली में रंगमंच पर किया जा सकता है, जिससे नाट्य प्रस्तुतियाँ और अधिक जीवंत, प्रभावशाली तथा प्रामाणिक बन सकती हैं। रैकवार ने यह समझाया कि लोक युद्ध कला की हर मुद्रा, हर गतिविधि, हर लय में एक नाटकीय भाव छुपा है। यदि रंगकर्मी इस परंपरा को आत्मसात कर लें, तो न केवल उनके अभिनय में एक नई ऊर्जा आएगी बल्कि बुंदेलखंड की यह लोक परंपरा भी नई पीढ़ी तक जीवंत रूप में पहुँच सकेगी। उन्होंने कहा कि नाट्य प्रस्तुतियों में इस कला का समावेश एक साथ दो उद्देश्यों की पूर्ति करता है. पहला, रंगमंच को एक समृद्ध देशज सौंदर्यशास्त्र मिलता है और दूसरा इस विलुप्त होती लोक विधा को नया जीवन मिलता है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि पद्मश्री भगवानदास जी वह व्यक्तित्व हैं जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन बुंदेलखंड की लुप्त होती मार्शल आर्ट परंपरा को जीवित रखने में समर्पित कर दिया है और जिन्हें इस वर्ष 2026 में भारत सरकार ने पद्मश्री से अलंकृत किया। उन्होंने एक सांस्कृतिक योद्धा की तरह इस परंपरा को थामे रखा। उन्होंने मध्यप्रदेश में 'छत्रसाल अखाड़ा' की स्थापना की और पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस लोक युद्ध कला को न केवल जीवित रखा बल्कि उसे एक नई प्रासंगिकता प्रदान की।

डॉ. नीरज उपाध्याय ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती वीरों की धरती रही है। महाराजा छत्रसाल की इस भूमि पर लोक युद्ध कला की एक समृद्ध परंपरा सदियों से पल्लवित होती रही है। यहाँ के अखाड़े केवल शरीर को साधने के स्थान नहीं थे, बल्कि वे सांस्कृतिक, सामाजिक और आत्मरक्षा की शिक्षा के जीवंत केंद्र थे। लाठी, भाला, तलवार, ढाल जैसे परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित यह युद्ध विधा यहाँ के आम जनमानस की दैनिक जीवनशैली का हिस्सा रही। किंतु आधुनिकता की आँधी में यह अमूल्य विरासत धीरे-धीरे विस्मृत होने लगी।

**एक बार फिर हुआ सिरोंज गौरांवित**

# 27 को रिलीज केरल स्टोरी 2 में नजर आए रंगकर्मी संजय मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सिरोंज के गौरव व सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ महंत एंव वरिष्ठ रंगकर्मी,फिल्मी कलाकार पं संजय मेहता अब पूरे देश व दुनिया में 27 फरवरी को रिजीज होने वाली फिल्म केरल स्टोरी 2 में नजर आएगें। जिसमें उनका अहम किरदार सिरोंजवासियो सहित देश भर में देखा जाएगा। यदि देखा जाए तो पं संजय मेहता ने सिरोंज,विदिशा एंव पूरे मध्यप्रदेश को गौरंवित किया है वही सिरोंजवासी हमेशा अपने आपको जब ओर अधिक गौरांवित महशूस करते है जब सिरोंज की मिट्टी के सपूत पं संजय मेहता पूरे देश में सिरोंज का गौरव बडाते है। एक छोटे से शहर सिरोंज में जन्में संजय मेहता ने अभी तक कई फिल्मो व रंगकर्मी के रूप में कार्य किया है। साथ ही उन्होने सिरोंज जैसे छोटे से शहर का नाम हर जगह रोशन किया है। जब भी श्री मेहता की कोई भी फिल्म रिलीज होने के जानकारी जैसे ही क्षेत्रवासियो को मिलती है तो क्षेत्रवासियो के चहरो पर एक अलग ही खुशी देखने को मिलती है। तो वही बुजुर्गो से लेकर युवाओं में फिल्म देखना का इतना उत्साह देखा जाता है कि युवा उक्त फिल्म देखने के लिए भोपाल,विदिशा,सागर के बडे बडे सिनेमा हॉल में पहुचते है और फिल्म में पं सजय मेहता को देखते ही अपने आप में गर्व महशूस करते है।

कई बड़ी फिल्मो में अदा कर चुके अहम रोल - सिरोंज की माठी के सपूत पं संजय मेहता विगत माह पूर्व रिजील हुई फिल्म धुरंधर पार्ट वन में अब्दुल भुट्टोबी की भूमिका अदा कर चुके हैं और काफी चर्चित रहे हैं इस फिल्म ने हजार करोड रुपए से ऊपर का बिजनेस किया। अब संजय मेहता कामाख्या नारायण सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म केरल स्टोरी 2 में जलालुद्दीन की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म लव जिहाद पर केंद्रित है विपुल अमृतलाल शाह के बैनर तले बनी। जो कि 27 फरवरी को रिलीज होगी। संजय मेहता इसके पहले भी कई फिल्में काम कर चुके हैं और अपनी पहचान बना चुके हैं। वह अभी तक मोहल्ला 80,धुरंधर,धड़क 2,ड्राई डे,वाह ताज,फिल्मीस्तान जैसी फिल्मों में वह बेहतरीन कलाकार के रूप में सामने आए हैं और अब 27 फरवरी को केरल स्टोरी 2 मैं जलालुद्दीन की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

युवा महिलाओं के जीवन को दर्शाती फिल्म - केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड एक आगामी भारतीय हिंदी भाषा की ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन कामाख्या नारायण सिंह ने किया है और विपुल अमृतलाल शाह ने सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले इसका निर्माण किया है। यह 2023 में आई फिल्म द केरल स्टोरी का सीक्वल है। फिल्म में उल्का गुप्ता,अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू/ए प्रमाणपत्र मिला है और इसके टीज़र और ट्रेलर के रिलीज होने के बाद से कानूनी और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई थी। यह फिल्म अपने पूर्ववर्ती फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाती है ।

### रामराजा पैलेस में उड़ा गुलाल, महिला मंडल ने स्नेह और सौहार्द के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**रहली।** भारतीय संस्कृति में होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति के एकाकार होने का उत्सव है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए आज स्थानीय रामराजा पैलेस में एक भव्य महिला मंडल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी की धर्मपत्नी जया देवराज सोनी के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिल्पी अभिषेक भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत और स्नेह का रंग समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर शिल्पी भार्गव ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार हमें आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम के रंग में रंगने का संदेश देता है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक एकजुटता को बल मिलता है। ब्रज की तर्ज पर बिखरी छटा चूँकि ब्रज में बसंत पंचमी से ही होली का आगाज़ हो चुका है, उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए रहली में भी फाग के गीतों और गुलाल की खुशबू ने समां बांध दिया। उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पूरा परिसर 'होली है' के जयघोष और मंगल गीतों से गुंजायमान रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन समारोह के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोक गीतों और भजनों की प्रस्तुति भी दी गई।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर ने किया अमेरिका से की ट्रेड डील का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जननेता राहुल गांधी जी की किसान महा चौपाल में सिरोंज से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत के नेतृत्व में बडी संख्या में कांग्रेस नेता शामिल हुए और नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका से की गई ट्रेड डील का विरोध किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत,कल्याण सिंह यादव,पूर्व सरपंच गजराज सिंह राजपूत,किसान कांग्रेस अध्यक्ष रमेश जादौन,निलेश शर्मा,नवल रघुवंशी,वकील राजपूत,धनराज सिंह धाकड़,पप्पू धाकड़,शरद सहेले,रविकांत शर्मा,लखन सिंह राजपूत आदि मौजूद रहें।



### जनसुनवाई में हुई 168 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 168 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# साठ के दशक में बने सरकारी विश्रामगृह में सिर्फ दो कमरे

## भवन जर्जर, प्रतिवर्ष मरम्मत, नये भवन की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

भोपाल से जबलपुर फोरलेन 45 पर नगर में बना सरकारी विश्राम ग्रह उर्म और समय की मार झेलते हुए कमजोर और जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। सरकारी विश्राम ग्रह में सरकारी अधिकारिओं, नेताओं, मंत्रिओं अति वरिष्ठ व्यक्तियों के विश्राम करने हेतु 2 छोटे-छोटे कक्ष है। 1960 के दशक में बना विश्राम ग्रह कमजोर होने के साथ आधुनिक सुविधाओं से वंचित है। जब कभी अधिक संख्या में बीआईपी का आगमन होता है। तो अधिकारियों को अन्य रिर्सोट, होटल में ठहरने की व्यवस्था करना पड़ती है।



नगर के बीचों-बीच पुराने एनएच 12 मार्ग के पास हॉकी दशहरा मैदान से लगा हुआ 60-65 वर्षों पुराने विश्राम ग्रह के पास लगभग 3 एकड़ भूमि है। एक ओर हॉकी मैदान लगा हुआ है तो दूसरी ओर बालक हा.से. का कृषि प्रक्षेत्र और शा.कन्या शाला लगी हुई है। विश्राम ग्रह के पास भी कर्मचारियों चौकीदार के बने आवास भी अब बहुत कमजोर जर्जर स्थिति में हो गए है।

### नया सुविधा युक्त बने विश्राम ग्रह-

60-65 वर्षों पुराने लोक निर्माण विभाग के दो कमरों वाले विश्राम ग्रह के स्थान पर नए भवन निर्माण की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस कि जा रही है। विश्राम ग्रह की मरम्मत सुधार पर प्रतिवर्ष लाखों की राशि खर्च की जाती है। पिछले अनेक वर्षों से कोई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी विश्राम ग्रह न आने का मुख्य कारण दशकों पुराने विश्राम ग्रह की स्थिति बनी हुई है। प्रमुख प्रशासनिक केन्द्र बरेली में नए सर्वसुविधा युक्त विश्राम ग्रह की मांग और जरूरत महसूस की जा रही है।

**फिर बदला मौसम, बढ़ा तापमान**

# आसमान में छाए बादलों से किसान की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

होली का रंगों भरा त्यौहार आने से पूर्व एक बार फिर मौसम बदलने के साथ आसमान में बादलों का डेरा किसानों को डरावना लग रहा है। नर्मदा क्षेत्र में होली बाद फसलों की कटाई शुरु होगी, इसके लिए साफ मौसम और तेज धूप जरूरी है। जिस प्रकार बार-बार मौसम बदल रहा है, आसमानी हलचल पर किसानों की नजरें टिकी हुई है।



सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में रवि सीजन में मुख्य रूप से गेंहू,चना, तुअर इत्यादि की खेती की जाती है। अगली बोवनी की फसलों का रंग बदलना शुरु हो गया है। होलिका दहन के बाद क्षेत्र में पकी फसलों की कटाई का दौर शुरु होगा। विलम्ब से की गई बोवनी वाली फसलों की कटाई में विलम्ब होगा। गांव-गांव किसान फसलों की कटाई के लिए बाहरी जिलों से कृषि मजदूर लाने के लिए सक्रिय हो गए है।

आसमान में बादल छा जाने से अजीब सा मौसम बन रहा है। भले ही बादल छा जाने से धूप छांव का खेल चलता रहे परन्तु उमस और शुरुआती गर्मी अपना उसर दिखलाने लगी है। थोड़ी सी आसावधानी, दूषित पानी उल्टी दस्त, बुखार आने का कारण बन रहा है। बदले मौसम के कारण क्षेत्र के हजारों किसान फसलों को लेकर चिन्ता ग्रस्त बने नजर आ रहे है।

# विवाह में भोजन बनाने वाला बना भेदिया, सूने मकान में हाथ साफ

## पुलिस ने तीन चोरों किया गिरफ्तार, माल भी किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

गुरारिया रोड पर निवास करने वाले अशुतोष शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा के यहां विवाह था। विवाह में हलवाई का काम करने पिपरिया से टीम आई थी। 19 फरवरी की रात में जब पूरा शर्मा परिवार विवाह में व्यस्त था, और उनका मकान सूना था। तो हलवाई छुट्टन पचोरी की मदद भेदिया रूपी सूचना पर योजना बनाकर चोरों के ग्रोह ने घर का ताला तोड़ कर अलमारी में रखे सोने, चाँदी के ज़ेवर नगदी चोरी कर ले गये। पुलिस ने धारा 331/4, 305 ए बीएनएस का प्रकण दर्ज कर मामले की जाँच शुरु की।



### तीन गिरफ्तार, बाईक, माल बरामद

एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम द्वारा तीन-चार दिनों में ही चोरी की घटना के आरोपियों दिलीप उर्फ चिलम उम्र 24 वर्ष आनंद बारोलिया उम्र 41 वर्ष छुट्टन पचोरी उम्र 55 वर्ष को गिरफ्तार कर सोने, चाँदी के जेवरों, चोरी में उपयोग की गई बाईक सहत 275000/- मशरूका बरामत किया गया।

### हलवाई बना भेदिया

पुलिस जांच में तकनीकी साक्ष्य और मुखविर की सूचना पर दिलीप उर्फ चिलम पुत्र माखन बाथरे निवासी नरसिंहपुर को हिरासत में ले कर पूछताछ की गई तो बताया की अपने साथी सनी उर्फ प्रभात एवं आनंद उर्फ गुरु उर्फ साधु निवासी पलिया पिपरिया जिला नर्मदापुरम के साथ फरयादी के यहां विवाह में खाना बनाने आये हलवाई छुट्टन पछारी निवासी पिपरिया को शर्मा परिवार का विवाह शिवशक्ति रिर्सोट में जाने और घर सूना होने का लाभ उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

### जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जी. आर. द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले की सीमा में गेहूं एवं अन्य फसलों की नरवाई (डंठलों) में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला सागर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में गेहूं की कटाई अधिकांशतः कम्बाईन्ड हार्वेस्टर से की जा रही है, जिसके उपरांत नरवाई जलाने की घटनाओं में तेजी आई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा इन घटनाओं की सैटेलाइट मैपिंग की जा रही है तथा राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति 2014 के अंतर्गत जिला स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया है।आदेश में उल्लेखित है कि कटाई उपरांत बचे हुए फसल अवशेषों से भूसा तैयार करने के स्थान पर उन्हें जला दिया जाता है, जबकि भूसा पशु आहार एवं अन्य औद्योगिक उपयोग में काम आता है और 8 से 10 रुपए बिकता है।

# मंडी सभाकक्ष में भारती किसान संघ की हुई बैठक, समस्याओं पर की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

भारतीय किसान संघ की कृषि उपज मंडी के सभाकक्ष में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार, चर्चा करने प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल के मुख्य आतिथ्य में बैठक हुई। बैठक में तहसील, जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय किसान संघ की बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य रूप से नई ईटोकन व्यवस्था में किसानों को समय पर खाद् न मिलने समर्थन मूल्य गेंहू बेचने हो रहे पंजीयन और प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार 2700 रू गेंहू खरीदी होने पर किसानों द्वारा चर्चा की गई। घोषणा के अनुसार समर्थन मूल्य पर खरीदी मूल्य तय न होने पर आन्दौलन पर विचार ज्ञापन सौंपे जाने की योजना पर विचार किया।

भारतीय किसान संघ की बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल, जिला अध्यक्ष केशरसिंह पटेल, महेन्द्र सिंह रघुवंशी, भगवान सिंह ठाकुर, नारायण सिंह पनारिया, गोविंद सिंह, राघवेन्द्र रावत सहित अनेक किसानों की उपस्थिति रही।

**धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा, हुआ स्वागत**

# होलिका पूर्व शिव महिला मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

कथाओं की नगरी बरेली में होलिका दहन फागोत्सव से पूर्व श्रीशिव महिला मंडल के द्वारा 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्राचीन श्रीजी मंदिर से कथा व्यास मंहत पू. डॉ. प्रज्ञा भारती जी को रथ पर बैढ कर निकली कलश शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर धार्मिक श्रृद्धालुओं द्वारा पूजन स्वागत किया गया।



शोभायात्रा का कथा स्थल गिरिराज कालोनी पशु चिकित्सालय प्रांगण में समापन के बाद पू. भागवत जी ग्रंथ एवं पू. कथा व्यास डॉ. प्रज्ञा भारती जी का पूजन स्वागत श्रीशिव महिला मंडल की पदाधिकारियों, धार्मिक श्रद्धालुओं, हिउस अध्यक्ष दिनेश बबेले सहित अन्यों द्वारा किया गया।

प्राचीन श्रीजी मंदिर से शिव महिला मंडल की सेंकड़ो महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई। छोटा बाजार, टाकीज़ रोड मुख्य मार्ग, पशु चिकित्सालय मार्ग पर धार्मिक श्रद्धालुओं, हिउस के पदाधिकारियों न.प. इत्यादि द्वारा स्वागत पूजन किया गया।

### सनातन संस्कृति भागवत का वर्णन

प्रथम दिवस की कथा में कथा व्यास डॉ. प्रज्ञा भारती जी ने सनातन संस्कृति, श्रीमद् भागवत जी के महत्व की विस्तार से चर्चा की। ऋषि मुनियों के तप, साधना और इश्वर की भक्ति, आराधना से मुख्य जीवन को भक्तिमय बना कर मनुष्य आत्म कल्याण और मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। कथा श्रवण हेतु भारी संख्या में धार्मिक श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति रही।

बोर्ड परीक्षाएं दरकिनार डीजे की कर्कश आवाज से विद्यार्थी भी परेशान

## शहरी क्षेत्र में सुबह 6 से रात 10 बजे तक अधिकतम 55 डेसिबल की गाइड लाइन, लेकिन 100 से 120 डेसिबल पर बज रहे डीजे

# डीजे की धुन पर प्रशासन मौन, हाई बेस और लाउडस्पीकर पर गूंज रहे गानों के तेज तराने

"रात 10 बजे के बाद भी शोर का आतंक : डीजे संचालक मस्त, प्रशासन पस्त"

### गाइड लाइन का भी नहीं पालन, डीजे के शोरगुल से विद्यार्थी हो रहे परेशान

डीजे संचालकों में लाउडस्पीकर को लेकर होड़ मची हुई है, जिसका नुकसान शहरवासियों को झेलना पड़ रहा है। इन डीजे की तेज कर्कस आवाज के चलते विद्यार्थी अपनी पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे है। लोगों ने मांग की है कि डीज संचालकों की मनमर्जी पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में इन दिनों डीजे संचालकों की मनमानी चरम पर है और कानून बेअसर नजर आ रहा है। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर प्रतिबंध के स्पष्ट नियम होने के बावजूद शादी-विवाह और अन्य आयोजनों में देर रात तक हाई-पावर डीजे धड़ल्ले से बजाए जा रहे हैं। तेज और कर्कश ध्वनि से पूरा मोहल्ला थर्रा उठता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मानो आंख मूंदे बैठे हैं।

नियम के अनुसार शहरी क्षेत्र में सुबह 6 से रात 10 बजे तक अधिकतम 55 डेसिबल पर लाउड स्पीकर बजाए जा सकते है, लेकिन इन दिनों शहर में बज रहे डीजे का डेसिबल 100 से 120 तक रहना आम बात है। इन हाई-बेस स्पीकरों की आवाज से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, छोटे बच्चों और मरीजों को झेलनी पड़ रही है। हृदय रोगियों और नवजात शिशुओं के लिए यह शोर किसी सजा से कम नहीं।

इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही हैं, ऐसे में देर रात तक हाई बैस और लाउड स्पीकर में बजते डीजे की आवाज से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि देर रात तक गूंजते गानों के कारण बच्चों का ध्यान भटक रहा है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है।

### डॉक्टर और विशेषज्ञों की सलाह

डॉक्टरों ने जानकरारी देते हुए बताया कि 85 डेसिबल से अधिक की आवाज लंबे समय तक सुनने पर बहरेपन का कारण बन सकती है, जबकि डीजे अक्सर इससे कहीं ज्यादा तेज बजते हैं। 110 डेसिबल से ऊपर का शोर 10-15 मिनट में ही कान के पर्दे को नुकसान पहुंचा सकता है और तनाव व उच्च रक्तचाप का कारण बन सकता है। शोध बताते हैं कि 85 डेसिबल से ज्यादा तेज आवाज के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण हृदय स्वास्थ्य पर खतरा बना रहता है। व्यक्ति को 55 डेसिबल से अधिक आवाज सुनने से बचना चाहिए।




### लोगों का आरोप - कार्रवाई करने में प्रशासन करता है सिर्फ औपचारिकता

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस मौके पर पहुंचने में देरी करती है या औपचारिकता निभाकर लौट जाती है। न तो डीजे जब्त किए जाते हैं और न ही आयोजकों पर कोई ठोस कार्रवाई होती है। परिणामस्वरूप डीजे संचालकों के हौसले बुलंद हैं और नियमों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन सिर्फ कागजी आदेश जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेगा, या फिर सख्त कार्रवाई कर शहरवासियों को शोर के आतंक से राहत दिलाएगा? नागरिकों को इंतजार है ठोस कदम का, न कि खोखले आश्वासनों का।

### शोर से नींद नहीं हो पाती पूरी



सुबह जल्दी उठकर पढ़ने की कोशिश करते हैं, लेकिन देर रात तक शोर रहने से नींद पूरी नहीं हो पाती। इसका असर पेपर के दौरान दिखता है। - **भानू यादव,** कक्षा 10वीं के छात्र, रायसेन।

### प्रशासन इन पर बरते सख्ती



बोर्ड परीक्षा जिंदगी का महत्वपूर्ण पड़ाव है। ऐसे समय में तेज आवाज में गाने बजने से तनाव बढ़ जाता है। प्रशासन को इन पर सख्ती करना चाहिए। - **नितिन राजपूत,** कक्षा 12वीं के छात्र, रायसेन।

### नियम अनुसार ही बजे डीजे



डीजे संचालकों को नियम और प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार ही लाउड स्पीकर बजाना चाहिए, किसी को परेशानी न हो। - **विशाल मालवीय,** कक्षा 12वीं के छात्र, रायसेन।

### विशेष ध्यान रखना चाहिए



प्रशासन और पुलिस को परीक्षाओं के दौरान शादी विवाह के दौरान बजने वाले डीजे पर विशेष ध्यान देना चाहिए। -**राधिका मालवीय,** छात्रा कक्षा 10वीं, रायसेन।

### इनका कहना है

डीज संचालकों की बैठक बुलाकर उन्हें समझाइश दी जाएगी। फिर भी अगर डीजे संचालकों नियमों का उल्लंघन करते पाए जाते है, तो कार्रवाई करेंगे।
- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

बस ऑपरेटरों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

## मप्र राज्य परिवहन बस सेवा के प्रस्ताव का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश में राज्य परिवहन बस सेवा शुरू किए जाने के प्रस्ताव का जिले में विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को सैकड़ों बस ऑपरेटरों ने कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर सरकार के प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य परिवहन की बसें संचालित करने के लिए जो प्रस्ताव लाया गया है। वह निजी बस संचालकों के हितों के खिलाफ है। उनका कहना है कि वर्तमान में जो बस सेवा संचालित हो रही है, उसी को यथावत रखते हुए परमिट जारी किए जाएं।

इस संबंध में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने बताया कि बस ऑपरेटरों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन को यथावत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास भेजा जाएगा और उनकी मांगों पर विचार के लिए चर्चा की जाएगी।

### बस ऑपरेटरों पर पड़ेगा रोजी-रोटी का संकट

बस ऑपरेटरों का आरोप है कि प्रस्तावित नीति के लागू होने से सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। उनका कहना है कि सरकार की नई व्यवस्था से निजी संचालकों के परमिट खत्म कर उन्हें किराएदार की स्थिति में लाया जा सकता है। जो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। बस ऑपरेटर संघ की जिला अध्यक्ष रजनी शर्मा, विजय खत्री, किशोर कमल आडवाणी और सूर्या राठौर ने कहा कि सरकार का प्रस्ताव पूरी तरह गलत है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

वहीं बस ऑपरेटर शिवदयाल चौकसे ने कहा, सरकार हमसे हमारे ही परमिट लेकर हमें किराएदार बनाना चाहती है। यह किसी भी स्थिति में बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र जरूरी कार्रवाई कर निराकरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही अन्य तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए वीसी के माध्यम से निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, सहायक कलेक्टर उपस्थित रहे।

## इंदौर के युवक बागेश्वर धाम के लिए निकले पैदल

**दीवानगंज।** भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर इन दिनों आस्था का अनोखा दृश्य देखने को मिल रहा है। रोजाना कोई न कोई श्रद्धालु नंगे पैर अपने आराध्य के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकलता दिखाई देता है। कोई अयोध्या धाम की ओर जा रहा है, तो कोई बागेश्वर धाम और कोई मेहर धाम की ओर। इसी क्रम में मंगलवार को एक युवक नंगे पैर पैदल यात्रा करते हुए बागेश्वर धाम जाते दिखाई दिया। युवक ने अपना नाम पीयूष तिवारी (22 वर्ष), निवासी इंदौर बताया। 13 फरवरी को अपने घर से निकला है। युवक ने बताया कि उसके मन में लंबे समय से यह इच्छा थी कि वह नंगे पैर बागेश्वर धाम पहुंचे। उसी मनोकामना को लेकर वह पैदल यात्रा पर निकला है।

## पटवारी संघ ने किया विरोध प्रदर्शन, अनूपपुर के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में मध्य प्रदेश पटवारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिला अनूपपुर के पटवारियों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। संघ ने वेतन रोकने, अर्थदंड लगाने और निलंबन की कार्रवाई को लेकर जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच अनूपपुर जिले के पटवारियों का वेतन बार-बार रोका गया। अप्रैल में तहसील जैतहरी के पटवारियों का वेतन रोका गया। इसके बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर 2025 और जनवरी 2026 में भी वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए।

संघ का कहना है कि दीपावली और दशहरा जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान भी वेतन जारी नहीं किया गया। जनवरी 2026 का वेतन 30 जनवरी को आगामी आदेश तक रोक दिया गया। जो अब तक प्राप्त नहीं हुआ है।

पटवारी संघ ने इसे आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना बताते हुए कहा कि वेतन केवल कर्मचारी का ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार का अधिकार होता है।

नगर में खुशी की लहर

## रघुनंदन का मप्र ग्रामीण बैंक में पीओ पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के मुखर्जी नगर वार्ड क्रमांक 11 निवासी पंचायत सचिव गोविंद शर्मा के पुत्र रघुनंदन शर्मा मप्र ग्रामीण बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) पद पर चयन होने से परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जैसे ही चयन की सूचना मिली, घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। मित्रों और परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी साझा कर उज्वल भविष्य की कामना की।



रघुनंदन शर्मा बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रायसेन में ही पूरी की और उच्च शिक्षा के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी उन्होंने पूरे मनोयोग, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ की। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर परिश्रम और अनुशासन के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की। परिवारजनों का कहना है कि रघुनंदन ने कभी भी कठिन परिस्थितियों को अपने लक्ष्य के आड़े नहीं आने दिया। नियमित अध्ययन, मॉक टेस्ट और समय प्रबंधन उनकी सफलता की मुख्य कुंजी रही।

## सर्वर डाउन होने से मजदूरों का राशन अटका हितग्राहियों ने उठाई मांग- मैनुअल हो वितरण

### सुबह से लाइन में बैठे हितग्राही शाम को लौट रहे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

चैत माह में जब ग्रामीण अंचल में काम के अवसर सीमित हो जाते हैं और मजदूर वर्ग रोज कमाने खाने की जद्दोजहद में लगा रहता है, ऐसे समय में राशन वितरण व्यवस्था चरमराने से हालात और गंभीर हो गए हैं। सिलवानी तहसील की कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर सर्वर फेल होने और ई-पॉस मशीन में फिंगर प्रिंट सत्यापन न होने से राशन वितरण ठप पड़ा है।



गांवों और वार्डों से बड़ी संख्या में हितग्राही रोजाना सुबह से ही दुकानों के बाहर पहुंच जाते हैं। मजदूर अपना काम छोड़कर लाइन में लगते हैं, इस उम्मीद में कि दो-चार घंटे में अनाज मिल जाएगा। लेकिन दोपहर बीत जाती है और सर्वर कनेक्ट नहीं होता। मशीन बार-बार एरर दिखाती है। अंततः शाम को उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि आज सर्वर नहीं चल रहा, कल आना।

दुकान संचालकों का कहना है बिना बायोमेट्रिक सत्यापन के राशन वितरण की अनुमति नहीं है। ऊपर से सख्त निर्देश हैं, मशीन में फिंगर प्रिंट के बिना अनाज नहीं दे सकते।

हितग्राही ओमकार, रमेश, संजय, मनोज सिंह, अतुल ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। जब तक तकनीकी दिक्कत दूर न हो, तब तक मैनुअल वितरण की अनुमति दी जाए।

राशन दुकान के बाहर इंतजार कर रहे बुजुर्ग रामप्रसाद ने बताया कि घर में अनाज लगभग खत्म है। मजदूरी भी नियमित नहीं मिल रही। ऐसे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली ही सहारा है। लेकिन जब वही समय पर नहीं मिले तो परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। महिला राम प्यारी, बंदना, शिवकुमारी आदि ने बताया कि छोटे बच्चों को लेकर घंटों धूप में बैठना पड़ता है।

## मोबाईल चोरी की वारदात बढ़ीं पुलिस कार्य प्रणाली पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर में चोरी की वारदातें बढ़ने लगी है। पुलिस की कार्य प्रणाली संदेह के घेरे में है। शिकायतों के महीनो बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की वारदाते बढ़ने लगी है। वारदात के शिकार हुऐ व्यक्ति थाने मे शिकायत कर रहे है परन्तु इन वारदातो का पता लगाने एवं अरोपियों की धरपकड़ और चोरी गये मोबाईल की जप्ती में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली सदेह के घोरे में है।

पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आमजन में तीव्र आक्रोश है। देवेन्द्र ठाकुर का मोबाईल हेंडसेट चोरी हुए दो माह से अधिक समय हो गया जिसका अभी तक भी पता नही चल पाया है। इसी प्रकार 20 जनवरी को शिक्षक कृष्ण कुमार ठाकुर एवं अनिल तिवारी के मोबाईल हेण्डसेट साप्ताहिक मंगलवारा हाट बाजार से चोरी हुए इसी दिन अन्य मोबाईल भी हाट बाजार से गुमने अथवा चोरी होने की जानकारी मिली है। इनको भी एक माह से अधिक समय बीत गया। साइबर अपराध, संचार एप सहित थाना बाड़ी में तत्काल शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।




## पुलिस के मास्टर ट्रेनर ने 95 बच्चों को दिया किशोर आत्मरक्षा प्रशिक्षण

### हायर सेकंडरी स्कूल सलामतपुर में चल रहा 15 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल में वेलस्पन फाउंडेशन एवं निवसीड संस्था के माध्यम से 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में पुलिस विभाग के मास्टर ट्रेनर दिनेश दिवाकर द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा बच्चों को एक्सरसाइज पंच, ब्लाक आदि का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान लगभग 95 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर क्षमता वर्धन एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण देना है। यह प्रशिक्षण शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में लगातार चल रहा था, जिसमें छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों के साथ आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



मास्टर ट्रेनर दिनेश दिवाकर ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से छात्राएं/बालिकाएं मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनती हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी, यह उनके लिए हमेशा उपयोगी रहेगा। सीखने के बाद छात्राओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी तथा वे स्वयं को पहले की अपेक्षा और अधिक सशक्त महसूस करेंगी।

यह आत्मरक्षा के साधन के साथ-साथ खेल भी है। हमारे जिले के अनेक बालक-बालिकाओं ने मार्शल आर्ट, ताइक्वांडों में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रौशन किया है।

जनगणना-27 के प्रथम चरण के लिए चार्ज अधिकारियों को दी ट्रेनिंग

## जनगणना के पहले चरण में मकान की होगी गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

### जनगणना का कार्य गंभीरता और शुद्धता के साथ समय सीमा में सम्पन्न कराना है- कलेक्टर

जिले में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण के लिए नियुक्त ग्रामीण और निकाय चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अरूण विश्वकर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जनगणना देश की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण डाटा प्रक्रिया है।

जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई तक किया जाएगा। यह कार्य गंभीरता और शुद्धता के साथ समय सीमा में सम्पन्न कराना है, इसलिए सभी जनगणना से जुड़ी प्रक्रिया और जरूरी जानकारी का भलीभांति अध्ययन कर लें, जिससे जनगणना में किसी प्रकार की परेशानी या त्रुटि ना हो।

प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि इस बार जनगणना कार्य में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा हैं। आंकड़ों का संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गणना ब्लॉक की सीमा को जीपीएस तकनीक से कैप्चर किया जाएगा। समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग (सीएमएमएस) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।




प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना 2027 में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया गया है। पोर्टल के माध्यम से निवासी स्वयं ऑनलाइन अपना जनगणना डेटा भर सकेंगे। इससे आंकड़ों की सटीकता में सुधार होगा, प्रगणकों का कार्यभार कम होगा तथा डिजिटल डेटा संग्रह प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी होगी।

प्रशिक्षण सत्रों में दिलीप साहू एवं श्रीमती ऐन्सी रेजी द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत और व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस दौरान जनगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया, प्रपत्रों का संधारण, मोबाईल एप्लीकेशन के उपयोग, हाउस लिस्टिंग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। फील्ड स्तर पर संभावित चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में जिला स्तर से अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मनोज उपाध्याय, जिला योजना अधिकारी श्रीमती किस्मत साहनी, सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।